an>

Title: Need to construct a railway station at Chinchwali between Badlipur and Ambarnath railway stations in Bhiwandi, Maharashtra under Central Railway.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में मुद्दा उठाने का अवसर दिया। मेरे भिवंडी लोक सभा क्षेत्र में मध्य रेलवे पर बदलापुर स्थानक है, जो अंबरनाथ तहसील में आता है। वहीं मध्य रेलवे के ऊपर अंबरनाथ स्थानक भी है, बदलापुर और अंबरनाथ, दोनों के बीच की दूरी सात किलोमीटर है। वहां बीच में एक चिखलोली विलेज है। वहां पर एनएमआरए भारतीय नौ दल का टेस्टिंग सेंटर भी है। इस चिखलोली गांव में एक डैम भी है, जो कि पूरे बदलापुर और परिसर में पानी की पूर्ति करता है। बदलापुर और अंबरनाथ की तरह से चिखलोली विलेज में भारी मात्रा में लोग अभी बस रहे हैं। यहां से थाना मुंबई जाने वाले जो लोग हैं, उनको अगर रेल से यात्रा करनी है तो रिक्शा से या बस से सात किलोमीटर रेलवे स्थानक पर जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है।

मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से गुजारिश है कि यहाँ पर एक छोटी एमआईडीसी भी है, जहाँ बहुत बड़े पैमाने पर लोग रोजगार के लिए आते हैं, उनको भी वहाँ स्थानक नहीं हाने की वजह से असुविधा का सामना करना पड़ता है। अगर चिखलोली में रेलवे स्टेशन होता है तो बहुत भारी मात्रा में चिखलोली गाँव में भी विकास हो सकता है।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से निवेदन है कि जल्द से जल्द इन दोनों स्थानों के बीच में चिखलोली एक नया स्थानक बनाने के लिए कदम उठाएं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,

श्री राहुल शेवाले और

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे को श्री कपिल मोरेश्वर पाटील द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।